Amar ujala

4.08.2021

# कंपनियां एक साल में उतारें एथनॉल से चलने वाले वाहन : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन निर्माता कंपनियों से कहा है कि वे एक साल के भीतर एथनॉल पर चलने वाले फ्लेक्स फ्यूल इंजन उतारें। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम ने मंगलवार को गडकरी से मुलाकात कर नियमों को लागू करने के लिए और समय मांगा था। गडकरी ने ट्वीट किया, सभी वाहन निर्माता कंपनियों को प्रदूषण घटाने और तेल आयात पर निर्भरता कम करने में सरकार का साथ देना चाहिए। इसके लिए एक साल के भीतर अनिवार्य रूप से फ्लेक्स फ्यूल इंजन वाले वाहन बाजार में लाएं। एजेंसी